तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **खेम सिंह जोधा बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार, देचू)** सू.अ.अ. अपील संख्या 319/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17-10-2022	अपीलार्थी खेम सिंह जोधा निवासी ग्राम पोस्ट शिकारपुरा, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 01.08.2022 में (1) कार्यालय तहसीलदार तहसील देचू जिला जोधपुर में वर्ष 2019–20 में पदस्थापित भू–अभिलेख निरीक्षकों की प्रमाणित सूची (2) अन्य बिन्दूओं से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, देचू) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, देचू) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, देचू) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, देचू) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	